# औद्योगिक क्षेत्र में लॉजिस्टिक पार्क को शुरू होगा भूमि अर्जन

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर महायोजना के अंतर्गत प्रस्तावित लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना के लिए भूमि अर्जन प्रक्रिया को लेकर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि ग्राम स्यारौल और डोरपुरी की भूमि का अर्जन प्रस्तावित है। एसएलओ ने बताया कि भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सामाजिक समाघात आंकलन एजेंसी द्वारा तैयार ड्राफ्ट रिपोर्ट पर जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। ग्राम स्यारौल, तहसील खैर में 29 दिसंबर को 11 बजे पंचायत भवन स्यारौल में एसडीएम खैर और ग्राम डोरपुरी में 30 दिसंबर को जनसुनवाई करेंगे। एस आईए की प्रारूप रिपोर्ट का अवलोकन कलेक्ट्रेट स्थित कक्ष संख्या-26 में किया जा सकता है।

- एसडीएम खैर 29 एवं 30 दिसम्बर को करेंगे जनसुनवाई